(d) Trial of sessions cases

प्र.क्र. 55– सह अपराधी को क्षमादान का प्रावधान किया गया है –
(अ) धारा 314 द.प्र.सं.
(ब) धारा 306 द.प्र.सं.
(स) धारा 319 द.प्र.सं.
(द) धारा 301 द.प्र.सं.

Que. The tender of pardon to accomplice is provided -
(a) u/s 314 Cr. P.C.
(b) u/s 306 Cr. P.C.
(c) u/s 319 Cr. P.C.
(d) u/s 301 Cr. P.C.

Indian Evidence Act, 1872

प्र.क्र. 56– साक्ष्य अधिनियम की धारा 113–ख के अंतर्गत बाध्यकारी उपधारणा करने के लिये कौन–कौन सी पूर्व शर्त नहीं है ?

(अ) अभियुक्त का विचारण दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 4 के लिये हुआ हो।
(ब) मृतक महिला के साथ पति या पति के नातेदारों ने क्रूरता की हो या तंग किया हो।
(स) ऐसी क्रूरता या तंग करना या दहेज अथवा दहेज की मांग के संबंध में की गई हो।
(द) ऐसी क्रूरता या तंग करना महिला की मृत्यु के ठीक पूर्व की गई हो।

Que. Which is not a pre-condition to raise a obligatory presumption u/s 113-b of the evidence act?

(a) the accused is being tried for the offence u/s 4 of the dowry prohibition act 1961
(b) the deceased woman was subjected to cruelty or harassment by her husband or his relative.
(c) such cruelty or harassmnent was for or in connection with any demand for dowry
(d) such cruelty or harassment was soon before her death

प्र.क्र. 57– निम्न में से कौन–सा एक दस्तावेज लोक दस्तावेज नहीं है ?

(अ) न्यायालय का निर्णय।
(ब) पुलिस का अभियोग पत्र।
(स) शव विच्छेदन प्रतिवेदन।
(द) वसीयत।

Que. Which one document from the following is not a public document ?

(a) judgement of court
(b) police charge sheet
(c) postmortem report
(d) will

प्र.क्र. 58– एक बलात्कार के अभियोजन में, मुख्य परीक्षा में अभियोक्त्री से उसके साधारण अनैतिक चरित्र के बारे में प्रश्नः

(अ) पूछे जा सकते हैं
(ब) नहीं पूछे जा सकते हैं
(स) न्यायालय की विशेष अनुमति से पूछे जा सकते हैं
(द) अभियोक्त्री की सहमति से पूछे जा सकते हैं

Que. In a prosecution for a rape, question in cross examination of the prosecutrix as to her general immoral character are :

(a) permissible
(b) not permissible
(c) permissible with the special permission of the court

(d) permissible if the prosecutrix consents to it

प्र.क्र. 59– किसी साक्षी का समान तथ्य के बारे में पूर्व कथन, साक्षी के पश्चात्वर्ती परिसाक्ष्य के समर्थन हेतु भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत साबित किया जा सकता है ?

(अ) धारा 157
(ब) धारा 151
(स) धारा 156
(द) धारा 155

Que. Former statement of a witness may be proved to corroborate later testimony as to the same fact, as provided under which section of Indian Evidence Act ?

(a) section 157
(b) section151
(c) section 156
(d) section 155

प्र.क्र. 60– बिना न्यायालय की अनुमति के सूचक प्रश्न पूछे जा सकते हैं :

(अ) मुख्य परीक्षण में
(ब) प्रतिपरीक्षण में
(स) पुनः परीक्षण में
(द) किसी परिस्थिति में भी नहीं

Que. Leading question can be asked without permission of the Court during :

(a) examination in chief
(b) cross-examination
(c) re-examination
(d) under no circumstances

प्र.क्र. 61– पहचान कार्यवाही है :

(अ) सारवान् साक्ष्य
(ब) संपोषक साक्ष्य
(स) कोई साक्ष्य नहीं
(द) अनुश्रुत साक्ष्य

Que. Test Identification Parade is :

(a) substantive evidence
(b) corroborative evidence
(c) no evidence
(d) hearsay evidence

प्र.क्र. 62– दंड प्रकिया संहिता की कौन सी धारा "परिवाद" को परिभाषित करती है ?

(अ) धारा 2–जी

(ब) धारा 2–डी
(स) धारा 2–ई
(द) धारा 2– एफ

Que. Which Sec. of the Cr.P.C. defines "complaint"
(a) Sec. 2-g
(b) Sce. 2-d
(c) Sec. 2-e
(d) Sec. 2-f

प्र.क्र. 63– तथ्य के अंतर्गत आता है।
(अ) ऐसी कोई वस्तु जो इन्द्रियो द्वारा बोधगम्य हो।
(ब) कोई मानसिक दशा जिसका भान किसी व्यक्ति को हो।
(स) किसी मनुष्य ने कुछ सुना या देखा हो।
(द) उपरोक्त सभी।

Que. "Fact" includes
(a) Anything capable of being perceived by the sense
(b) Any mental condition of which any person is conscious
(c) A man heard or saw something
(d) All of the above

प्र.क्र. 64– क अपनी पत्नि ग के साथ जारकर्म करने के लिये ख का अभियोजन करता है। ख का इस बात का प्रत्याख्यान करता है, कि ग, क की पत्नि है, किन्तु न्यायालय ख को जारकर्म के लिये दोषसिद्ध करता है। तत्पश्चात् क के जीवनकाल में ख के साथ विवाह करने पर द्विविवाह के लिये ग अभियोजित की जाती है। ग कहती है, कि वह क की पत्नि कभी नहीं थी।
(अ) ख के विरूद्ध दिया गया निर्णय ग के विरूद्ध सुसंगत है।
(ब) ख के विरूद्ध दिया गया निर्णय ग के विरूद्ध सुसंगत है, किन्तु निश्चायक सबूत की भांति नहीं।
(स) ख के विरूद्ध दिया गया निर्णय ग के विरूद्ध सुसंगत है तथा ग इस संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत कर सकती है।
(द) ख के विरूद्ध निर्णय, ग के विरूद्ध असंगत है।

Que. A prosecutes B for adultery with C, A's wife. B denies that C is A's wife, but the Court convicts B of adultery. Afterwards, C is prosecuted for bigamy in marrying B during A's lifetime. C says that she never was A's wife
(a) The judgment against B is relevant as against C
(b) The judgment against B is relevant as against C but not as a conclusive proof
(c) The judgment against B is relevant as against C and C can lead evidence against it

(d) The judgement against B is irrelevant as against C

प्र.क्र. 65– किसी दस्तावेज का अनुप्रमाणन विधि द्वारा आवश्यक है। यदि किसी अनुप्रमाणक साक्षी का पता न चल सके तो –

(अ) यह साबित करना होगा कि कम से कम एक अनुप्रमाणक साक्षी का अनुप्रमाण उसी के हस्तलेख में है।

(ब) यह साबित करना होगा कि दस्तावेज का निष्पादन करने वाले व्यक्ति का हस्ताक्षर उसी व्यक्ति के हस्तलेख में है।

(स) उपरोक्त दोनों अनिवार्य है।

(द) केवल अ अनिवार्य है।

Que. To prove a document required by law to be attested, If no attesting witness can be found, then

(a) it must be proved that the attestation of one attesting witness at least is in his handwriting

(b) it must be proved that the signature of the person executing the document is in the handwriting of that person

(c) Both the above are necessary

(d) Only (a) is necessary

प्र.क्र. 66– क किसी खोई हुई दस्तावेज की अंतर्वस्तु को द्वितीयक साक्ष्य द्वारा साबित करना चाहता है।

(अ) क को यह साबित करना होगा, कि दस्तावेज उसके आधिपत्य में नहीं है।

(ब) क को यह साबित करना होगा, कि मूल दस्तावेज अस्तित्व में है।

(स) क को यह साबित करना होगा, कि दस्तावेज खो गई है।

(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

Que. A wishes to prove, by secondary evidence, the contents of a lost document.

(a) A must prove that the document is not in his custody

(b) A must prove the existence of the original document

(c) A must prove that the document has been lost.

(d) None of the above

प्र.क्र. 67– एक पंजीकृत वसीयत साबित करने के लिए यह आवश्यक होगा कि बुलाया जाए–

(अ) कम–से–कम एक अनुप्रमाणक साक्षी।

(ब) सभी अनुप्रमाणक साक्षी।

(स) एक अनुप्रमाणक साक्षी व वसीयत लेखक।

(द) पंजीकृत अधिकारी व एक अनुप्रमाणक साक्षी।

Que. To prove a registered will deed, always necessary to call -

(a) At least one attested witness.

(b) All the attested witness.

(c) One attested witness and the scriber of the will.

(d) One attesting witness and the registering officer.

प्र.क्र. 68– एक अभियुक्त की संस्वीकृति सह अभियुक्त के विरूद्ध ग्राह्य योग्य साक्ष्य है–
(अ) यदि उनका संयुक्त विचारण भिन्न अपराध के लिए किया जाता है।
(ब) यदि उनका भिन्न अपराधों के लिए विचारण किया जाता है और संयुक्त नहीं।
(स) यदि उनका संयुक्त विचारण समान अपराध के लिए किया जाता है।
(द) यदि उनका विचारण समान अपराधों के लिए किया जाता है, परंतु संयुक्त नहीं।

Que. Confession of an accused is admissible evidence against co-accused -
(a) If they are tried jointly for different offences.
(b) If they are tried for different offences and not jointly.
(c) If they are tried jointly for the same offences.
(d) If they are tried for the same offences but not jointly.

प्र.क्र. 69– प्रश्न यह कि क्या क ने ख को विष दिया; विष से उत्पन्न कहे जाने वाले लक्षणों के पूर्व ख के स्वास्थ की दशा और क को ज्ञात ख की सभी आदतें, जिनसे विष देने का अवसर मिला–
(अ) असंगत तथ्य है।
(ब) सुसंगत तथ्य है।
(स) अंशतः सुसंगत व अंशतः असंगत तथ्य है।
(द) उपरोक्त सभी सही हैं।

Que. The question is, whether A poisoned B, the state of B's health before the symptoms ascribed to poisoned, and habits of B known to A, which afforded an opportunity for the administration of poison -
(a) are irrelevant fact.
(b) are relevant fact.
(c) are partial relevant fact and are partial irrelevant fact.
(d) All of the above is correct.

प्र.क्र. 70– साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 में "खोजा गया तथ्य" से आशय है–
(अ) अभियुक्त का उक्त वस्तु तथा स्थान के बारे में ज्ञान।
(ब) वह स्थान जहॉ से वस्तु प्रस्तुत की जाती हैं।
(स) जहॉ वस्तु अंतरित की जाती है।
(द) उपरोक्त सभी।

Que. Under Section 27 of the Evidence Act the "Discovery of fact" means -
(a) The knowledge of the accused as to the object and the place.
(b) The place from where the object is produced.
(c) The place where the object was transferred.
(d) All of the above.

Indian Penal Code, 1860

प्र.क्र. 71– निम्नलिखित में से कौन सा 'राजद्रोह' के लिए आवश्यक तत्व है ?
(अ) बेईमानी का आशय
(ब) दुर्भावनापूर्ण आशय
(स) बोले गये शब्द लोक व्यवस्था को भंग करने का कारण हों
(द) बोले गये शब्द सरकार के प्रति अप्रीति प्रदीप्त करने के लिए अवश्य पर्याप्त हों

Que. Which one of the following is an essential ingredient of sedition ?
(a) dishonest intention.
(b) malafide intention.
(c) words spoken must cause public disorder by acts of violence.
(d) words spoken must be capable of exciting disaffection towards the government.

प्र.क्र. 72– 'य' ने यात्रा पर जाते समय अपनी सोने की प्लेट 'ए' को 'य' के लौटने तक सौंप देता है। 'ए' उसे प्लेट को बाजार ले जाता है और बेच देता है। 'ए' ने कौन सा अपराध किया है :–
(अ) चोरी
(ब) छल
(स) उद्दापन
(द) आपराधिक न्यासभंग

Que. 'Z' going on a journey, entrusts his Golden plate to 'A', till Z shall return. 'A' carries the plate to the market and sells it. What crime was committed by 'A' :-
(a) theft
(b) cheating
(c) extortion
(d) criminal breach of trust

प्र.क्र. 73– अपराध के किसी सिद्धदोष व्यक्ति को कुल मिलाकर कितने समय के लिए एकांत कारावास में रखा जा सकता है:–
(अ) छः माह
(ब) तीन माह
(स) दो माह
(द) एक माह

Que. For how long, in a whole, a convicted person for a crime be kept in solitary confinement :
(a) 6 months
(b) three months
(c) two months
(d) one month

प्र.क्र. 74– 'Z' से गंभीर और अचानक प्रकोपन से 'X' जानबूझकर 'Y' की मृत्यु कर देता है, जो कि 'Z' का भाई है, 'X' ने अपराध किया–
(अ) हत्या
(ब) आपराधिक मानव बध जो हत्या की श्रेणी में नहीं आता
(स) गंभीर उपहति
(द) हत्या का प्रयास

Que. 'X' ON receiving grave and sudden provocation from 'Z' intentionally causes the death of 'Y', who is brother of 'Z', 'X' has committed :
(a) murder
(b) culpabale homicide not amounting to murder
(c) grevious hurt
(d) attempt to murder

प्र.क्र. 75– 'अ' एक महिला को लैंगिक स्वीकृति के लिये मांग या अनुरोध करने पर भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत किस अपराध का दोषी होगा
(अ) धारा 354 ए
(ब) धारा 354 बी
(स) धारा 354 सी
(द) धारा 354 डी

Que. A demand or request for sexual favour from a woman is punishable offence under Indian Penal Code, 1860, under:
(a) Section 354A
(b) Section 354B
(c) Section 354C
(d) Section 354D.

प्र.क्र. 76– यदि अपराध कारावास और जुर्माना दोनों से दंडनीय हो तो जुर्माना देने में व्यतिक्रम होने की दशा में न्यायालय अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम अवधि में से अधिकतम ..... अवधि के लिए कारावास की सजा दे सकता है।
(अ) समान
(ब) आधी
(स) एक तिहाई
(द) एक चौथाई

Que. If offence is punishable with imprisonment and fine both, then in default of payment of fine. the maximum term, may be ----------the prescribed maximum term
(a) Equal to
(b) Half of
(c) One third of
(d) One fourth of

प्र.क्र. 77– 'क' 'ख' को घोर उपहति करने के भय में डालकर बेईमानी से 'ख' को उत्प्रेरित करता है कि वह एक कोरे कागज पर हस्ताक्षर कर दे और उसे 'क' को परिदत्त कर दे, 'क' द्वारा किया गया अपराध है ?

(अ) छल
(ब) उद्दापन
(स) आपराधिक न्यास भंग
(द) कूटरचना

Que. 'A' by putting 'B' in fear of grievous hurt, dishonestly induces 'B' to sign on a blank paper and deliver it to 'A' . 'A' has committed the offence of :

(a) Cheating
(b) Extortion
(c) Criminal breach of trust
(d) Forgery

प्र.क्र. 78– भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन सा कृत्य दुश्प्रेरणा का तरीका/प्रकार नहीं है ?

(अ) उकसाना
(ब) सहायता करना
(स) षड्यंत्र
(द) प्रयत्न

Que. Which one of the following acts is not a mode of abetment under the IPC ?

(a) Instigation
(b) Aiding
(c) Conspiracy
(d) An attempt

प्र.क्र. 79– कौनसी उपहति घोर उपहति नहीं है ?

(अ) किसी भी नेत्र की दृष्टि का स्थायी विच्छेद
(ब) अस्थि का विसंधान
(स) किसी जोड़ की शक्ति का स्थायी ह्रास
(द) पन्द्रह दिन तक तीव्र शारीरिक पीड़ा में रहना

Que. Which hurt is not a grievous hurt ?

(a) Permanent privation of the sight of either eye
(b) Dislocation of any bone
(c) Permanent impairing of the powers of any joint
(d) Suffering of fifteen days from severe bodily pain

प्र.क्र. 80– 'क' ने लोक मार्ग पर वाहन उतावलेपन या उपेक्षापूर्वक चलाकर 'ख' की सम्पत्ति को क्षति कारित की। 'क' ने भा.दं.सं. की कौन सी धारा/धाराओं का अपराध किया है ?

(अ) 279 भादस
(ब) 279 एवं 425 भादस
(स) 425 भादस
(द) 279 एवं 337 भादस

Que. A drove the car rashly or negligently on the public way and damaged the property of B. Thereby he committed offence under what section/sections ?
(a) 279 IPC
(b) 279 and 425 IPC
(c) 425 IPC
(d) 279 and 337 IPC

प्र.क्र. 81– आपराधिक मानव वध के प्रयत्न का अपराध इस धारा के अंतर्गत दण्डनीय है :
(अ) 304 भादस
(ब) 308 भादस
(स) 307 भादस
(द) 301 भादस

Que. The offence of attempt to commit 'culpable homicide' is punishable under section :
(a) 304 IPC
(b) 308 IPC
(c) 307 IPC
(d) 301 IPC

प्र.क्र. 82– कोई व्यक्ति बेईमानी से कार्य करता है, कहा जाता है–
(अ) जो कोई इस आशय से कोई कार्य करता है, कि एक व्यक्ति को सदोष अभिलाभ कारित करें या अन्य व्यक्ति को सदोष हानि कारित करें।
(ब) यदि वह कपट वंचित करने के आशय से ऐसा करता है, किन्तु अन्यथा नहीं।
(स) यदि वह विश्वास करने का पर्याप्त हेतुक नहीं रखता, किन्तु अन्यथा नहीं।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

Que. A person said to do thing "Dishonestly"
(a) Whoever does anything with the intention of causing wrongful gain to one person or wrongful loss to another person,
(b) if he does that thing with intent to defraud but not otherwise
(c) if he does not have sufficient cause to believe that thing but not otherwise.
(d) None of the above

प्र.क्र. 83– जहां अपराध केवल अर्थदंड से दंडनीय है, दो सौ रुपये अर्थदंड अदा न करने पर कारावास की अवधि हो सकेगी
(अ) छः मास

(ब) चार मास
(स) तीन मास
(द) दो मास

Que. When offence punishable with fine only, the imprisonment for non-payment of fine of Rs 200, may be upto
(a) Six months
(b) Four months
(c) Three months
(d) Two months

प्र.क्र. 84– यदि कोई कार्य, सद्भावपूर्वक अपने पदाभास में कार्य करते हुए लोक सेवक द्वारा किया जाता है या किये जाने का प्रयत्न किया जाता है, तो उस कार्य के विरूद्ध प्राईवेट प्रतिरक्षा का कोई अधिकार नहीं है–
(अ) जिससे मृत्यु या घोर उपहति की आंशका युक्तियुक्त रूप से कारित नहीं होती
(ब) चाहे वह कार्य विधि अनुसार सर्वथा न्यायानुमत न भी हो।
(स) उपरोक्त दोनों।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

Que. There is no right of private defence against an act, if done, or attempted to be done by a public servant acting in good faith under colour of his office
(a) which does not reasonably cause the apprehension of death or of grievous hurt
(b) though that act may not be strictly justifiable by law.
(c) Both of the above
(d) None of the above

प्र.क्र. 85– क को राजमार्ग पर एक रूपया पडा मिलता है। यह न जानते हुए कि वह रूपया किसका है क उस रूपये को उठा लेता है
(अ) क ने धारा 402 भा.दं.सं. में परिभाषित अपराध कारित किया है।
(ब) क ने धारा 403 भा.दं.सं. में परिभाषित अपराध कारित किया है।
(स) क ने धारा 404 भा.दं.सं. में परिभाषित अपराध कारित किया है।
(द) क ने धारा 403 भा.दं.सं. में परिभाषित अपराध कारित नहीं किया है।

Que. A finds a rupee on the high-road, not knowing to whom the rupee belong, A picks up the rupee
(a) A has committed the offence defined in section 402 I.P.C.
(b) A has committed the offence defined in section 403 I.P.C.
(c) A has committed the offence defined in section 404 I.P.C.
(d) A has not committed the offence defined in section 403 I.P.C.

प्र.क्र. 86– यदि लूट कारित करते हुए अपराधी चाकू का उपयोग करता है, किंतु वह पीड़ित को कोई चोट नहीं पहुँचाता है, तो ऐसा अपराध दण्डनीय होगा–

(अ) धारा 392 भा.दं.सं. के अन्तर्गत
(ब) धारा 394 भा.दं.सं. के अन्तर्गत
(स) धारा 392 सपठित धारा 397 भा.दं.सं. के अन्तर्गत
(द) धारा 398 भा.दं.सं. के अन्तर्गत

Que. If, at the time of committing robbery the offender uses a knife but no any injury causes to the victim, offence punishable under -
(a) u/s 392 Indian Penal Code
(b) u/s 394 Indian Penal Code
(c) u/s 392 read with 397 Indian Penal Code
(d) u/s 398 Indian Penal Code

प्र.क्र. 87– किसी अपराध का दुष्प्रेरण–
(अ) सदैव अपराध नहीं होता है।
(ब) सदैव अपराध होता है।
(स) परिस्थितियों के कारण अपराध हो सकता है; हमेशा नहीं।
(द) परिस्थितियों के कारण अपराध नहीं भी हो सकता है।

Que. Abatement in any offence is -
(a) Always not an offence
(b) Always an offence
(c) Due to circumstances, may be an offence but not always
(d) May not be an offence due to circumstances

प्र.क्र. 88– क, कुछ नगों को जिनको वह जानता है कि वे हीरे नहीं हैं, हीरों के रूप में गिरवी रखकर य से साशय प्रवंचना करता है, और एतद द्वारा धन उधार देने के लिए य को बेईमानी से उत्प्रेरित करता है। क ने ——————————
(अ) कोई अपराध नहीं किया है।
(ब) धारा 421 भा.दं.सं. में दण्डनीय अपराध किया है।
(स) धारा 418 भा.दं.सं. में दण्डनीय अपराध किया है।
(द) धारा 415 भा.दं.सं. में दण्डनीय अपराध किया है।

Que. A, by placing some diamonds articles which he knows are not diamonds, intentionally deceives Z, and thereby dishonestly induces Z to lend money. A has committed -
(a) No Offence has been committed
(b) Offence committed u/s 421 I.P.C.
(c) Offence committed u/s 418 I.P.C.
(d) Offence committed u/s 415 I.P.C.

प्र.क्र. 89– सम्पत्ति उद्दापित करने के लिए या अवैध कार्य कराने को मजबूर करने के लिए स्वेच्छया उपहति कारित करना दण्डनीय अपराध है–
(अ) धारा 329 भा.दं.सं.
(ब) धारा 331 भा.दं.सं.

(स) धारा 327 भा.दं.सं.
(द) धारा 384 भा.दं.सं.

Que. Voluntarily causing hurt to extort property, or constrain to do an illegal act as punishable act -
(a) Section 329 I.P.C.
(b) Section 331 I.P.C.
(c) Section 327 I.P.C.
(d) Section 384 I.P.C.

प्र.क्र. 90– क एक भवन के बाहर जाने के द्वारों पर बंदूकधारियों को बैठा देता है और ख से कह देता है कि यदि य भवन के बाहर जाने का प्रयत्न करेगा, तो वे य को गोली मार देंगे। य सोलह दिनों तक परिरोध में रहा, धारा ———————— का अपराध होगा।
(अ) धारा 342 भा.दं.सं.
(ब) धारा 339 भा.दं.सं.
(स) धारा 345 भा.दं.सं.
(द) धारा 344 भा.दं.सं.

Que. A, places men with firearms at the outlets of a building, and tells B that they will fire at Z if Z attempts to leave the building. Z is confined for 16 days, offence will be punishable under Section ----------.
(a) Sec. 342 I.P.C.
(b) Sec. 339 I.P.C.
(c) Sec. 345 I.P.C.
(d) Sec. 344 I.P.C.

Negotiable Instrument Act, 1881

(Section 138 to 142)

प्र.क्र. 91– परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 की कार्यवाही के अधीन कौन–सा बचाव स्वीकार नहीं किया जा सकता:–
(अ) चेक पर उसके हस्ताक्षर नहीं हैं।
(ब) परिवादी चेक का सम्यक् अनुक्रम धारक, अथवा पाने वाला नहीं है।
(स) चेक जारी किये जाने के समय उसे जानने का कोई कारण नहीं था कि वह चेक अनादर हो जावेगा।
(द) उसने ऐसे किसी उत्तरदायित्व के लिए चेक जारी किया था, जो विधिक रूप से प्रवर्तनीय नहीं था।

Que. Which defence may not be allowed in the proceedings u/s 138 of the Negotiable Instruments Act, 1881 :-
(a) He had not put his signature on the cheque
(b) The complainant is not the payee or the holder of cheque in due course
(c) He had no reason to believe when cheque was issued that the same may be dishonored

(d) He had issued the cheque in connection with the liability which was not legally enforceable

प्र.क्र. 92– परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 :– एक ही संव्यवहार में कई चेक जारी किए गए , सभी चेकों के संबंध में एक परिवाद :
(अ) प्रचलन योग्य है।
(ब) प्रचलन अयोग्य है।
(स) केवल तभी जब एक ही नोटिस भेजा गया हो।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

Que. Negotiable Instrument Act , 1881 :- Cheques issued under same transaction dishonoured , one complaint in respect of all cheques-
(a) Maintainable
(b) Non-maintainable
(c) only when a single notice is sent
(d) None of the above

प्र.क्र. 93– परिवादी को अधिनियम की धारा 138 के अधीन पारित दोषमुक्ति के आदेश के विरूद्ध अपील कहां करनी होगी ?
(अ) सेशन न्यायालय में
(ब) उच्च न्यायालय में
(स) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां
(द) सेशन न्यायालय या उच्च न्यायालय में

Que. In which court, the complainant has to file an appeal against the order of acquittal u/s 138 of the Act ?
(a) Court of session
(b) High Court
(c) Chief Judicial Magistrate
(d) Either in court of Session or High Court.

प्र.क्र. 94– एक न्यायालय परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत अपराध का संज्ञान नहीं ले सकता
(अ) चैक के आदाता के लिखित परिवाद पर
(ब) सम्यक अनुक्रम में चैक के धारक के लिखित परिवाद पर
(स) चैक के आदाता अथवा सम्यक अनुक्रम में चैक के धारक, जैसा मामला हो, के मौखिक परिवाद पर
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

Que. A court cannot take cognizance of offence under Negotiable Instruments Act 1881 on
(a) Written complaint of payee of the cheque
(b) Written complaint of the holder in due course of the cheque
(c) Oral complaint of the payee or, as the case may be, the holder in due

course of the cheque
(d) None of the above

प्र.क्र. 95– धारा 139 परक्राम्य लिखत अधिनियम के अन्तर्गत उपधारणाओं को खण्डित करने के लिए अभियुक्त को –
(अ) प्रतिफल का अभाव प्रत्यक्ष प्रमाण द्वारा ही साबित करना चाहिए।
(ब) प्रतिफल का अभाव युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित करना चाहिए।
(स) प्रतिरक्षा में कुछ साक्ष्य देना ही चाहिए।
(द) अधिसंभावनाओं की प्रबलता के सिद्धांत के आधार पर उपधारणाओं को खण्डित किया जा सकता है।

Que. In order to rebut the presumptions under section 139 of Negotiable Instrument Act, Accused -
(a) must prove the absence of consideration by direct evidence
(b) must prove the absence of consideration beyond reasonable doubt
(c) must give some evidence in defence
(d) may rebut the presumption on the principal of preponderance of probability

Electricity Act, 2003

प्र.क्र. 96– उपेक्षापूर्ण ढंग से व्यवधान या कार्यो की क्षति विद्युत अधिनियम, 2003 की किस धारा के अंतर्गत दण्डनीय है :
(अ) धारा 137
(ब) धारा 138
(स) धारा 139
(द) धारा 140

Que. Negligently breaking or damaging works is punishable under section of Electricity Act 2003 ?
(a) Section 137
(b) Section 138
(c) Section 139
(d) Section 140

प्र.क्र. 97– विद्युत अधिनियम, 2003 के अपराधों का दुष्प्रेरण किस धारा के अंतर्गत दण्डनीय है ?
(अ) धारा 150 विद्युत अधिनियम
(ब) धारा 149 विद्युत अधिनियम
(स) धारा 109 भारतीय दण्ड संहिता
(द) धारा 113 भारतीय दण्ड संहिता

Que. Abetment of offences of Electricity Act, 2003 is punishable under which Section ?
(a) Section 150 Electricity Act

(b) Section 149 Electricity Act
(c) Section 109 Indian Penal Code
(d) Section 113 Indian Penal Code

प्र.क्र. 98– विद्युत अधिनियम की धारा 96 के तहत , एक छापा डालने के लिए उपभोक्ता को :
(अ) 24 घण्टों का सूचना पत्र देना आवश्यक है।
(ब) 12 घण्टों का सूचना पत्र देना आवश्यक है।
(स) 48 घण्टों का सूचना पत्र देना आवश्यक है।
(द) कोई सूचना पत्र आवश्यक नहीं है।

Que. Under Sec. 96 of the Electricity Act, for conducting a raid :
(a) 24 hours notice to the consumer is necessary
(b) 12 hours notice to the consumer is necessary
(c) 48 hours notice to the consumer is necessary
(d) No notice is necessary

प्र.क्र. 99– सिविल न्यायालय को विद्युत अधिनियम के किन विवादों की सुनवाई की अधिकारिता नहीं है ?
(अ) धारा 126 एवं धारा 127 की परिधि में आने वाले मामले
(ब) धारा 126 एवं 123 की परिधि में आने वाले मामले
(स) धारा 124 एवं 125 की परिधि में आने वाले मामले
(द) धारा 127 एवं 125 की परिधि में आने वाले मामले

Que. In which type of disputes civil court not to have hearing jurisdiction
(a) dispute falls within ambit of Sec. 126 and Sec. 127
(b) dispute falls within ambit of Sec. 126 and Sec. 123
(c) dispute falls within ambit of Sec. 124 and Sec. 125
(d) dispute falls within ambit of Sec. 127 and Sec. 125

प्र.क्र. 100– धारा 154 (3) विद्युत अधिनियम के अधीन संक्षिप्त विचारण में विशेष न्यायालय किसी प्रकार से दोषसिद्धि की दशा में कारावास का अधिकतम दण्डादेश पारित कर सकेगा, जो होगा–
(अ) 3 वर्ष से अनधिक
(ब) 1 वर्ष से अनधिक
(स) 5 वर्ष से अनधिक
(द) 2 वर्ष से अनधिक

Que. In case of any conviction by a special court under Section 154 (3) of Electricity Act, 2003 in summary trial, may pass a maximum sentence of imprisonment of a term -
(a) Not exceeding three years
(b) Not exceeding one years
(c) Not exceeding five years
(d) Not exceeding two years

*****